सोशल मीडिया सेल जनपद आजमगढ़
पत्र सं0- 184/2021 दिनांक- 10 अप्रैल 2021

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
<u>साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ</u>
<u>महिलाओं की फोटो इडिट कर अश्लील फोटो बनाकर फेसबुक एवं व्हाट्सएप पर वायरल करने वाला अभि0 गिरफ्तार</u>

मेहनाजपुर थानान्तर्गत एक ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा इस आशय की सूचना महिला साइबर क्राइम सेल आजमगढ़ को दी गयी थी कि कोई अनजान व्यक्ति उसके चेहरे को अश्लील फोटो के साथ जोड़कर व्हाट्सएप एवं फेसबुक पर वायरल कर रहा है तथा फोटो के साथ गन्दे एवं अश्लील कमेन्ट लिख रहा है ऐसा पिछले कई महीने से किया जा रहा है। उ0प्र0 शासन की महिलाओं में सुरक्षा एवं आत्मसम्मान विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित महिला साइबर क्राइम सेल आजमगढ़ ने पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री सुधीर कुमार सिंह एवं नोडल अधिकारी श्री सुधीर जायसवाल के उक्त मामले में त्वारित कार्यवाही के आदेश एवं साइबर मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ एवं साइबर सेल आजमगढ़ तकनीकी सहयोग से मामले का अनावरण किया गया तो अभियुक्त सुनिल प्रजापति पुत्र बेचन नि0 ग्राम जबरनपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया जिसे आज दिनांक 10.04.2021 को प्रातः 8.00 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>पंजीकृत अभियोग</u>

1- मु.अ.सं. 06/2021 धारा 504, 354D IPC व 67 IT एक्ट 2008 साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1- सुनील प्रजापति पुत्र बेचन प्रजापति निवासी जबरनपुर, सिंगारपुर, थाना खानपुर जनपद गाजीपुर

<u>गिरफ्तारी टीम-</u>

1- निरीक्षक श्री राजेश यादव, आरक्षी मनीष कुमार सिंह,
2- आरक्षी महिपाल यादव, आरक्षी एजाज खान, आरक्षी सतेन्द यादव साइबर सेल आजमगढ़।